**हिंदू धर्म में नाग पंचमी के पर्व का विशेष महत्व है। नाग देवताओं को समर्पित यह पर्व देश के कुछ राज्यों में सावन मास के कृष्ण पक्ष की पंचमी तिथि यानी 25 जुलाई दिन गुरुवार को मनाया जाएगा। वहीं कुछ राज्यों में सावन मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि यानी 9 अगस्त दिन शुक्रवार को मनाया जाएगा। सावन मास भगवान शिव का प्रिय मास है और इस मास में शिव के गण नाग देवता की पूजा करने का भी विधान हैं। नाग पंचमी पर मुख्य रूप से आठ नाग देवताओं की पूजा की जाती है और वे हैं वासुकि, ऐरावत, मणिभद्र, कालिया, धनंजय, तक्षक, कर्कोटकस्य और धृतराष्ट्र। इनकी पूजा करने से शुभ फलों की प्राप्ति होती है और सर्प भय से मुक्ति मिलती है। आइए जानते हैं नाग पंचमी का महत्व, शुभ मुहूर्त और पूजा विधि...**

### नाग पंचमी पर बेहद शुभ योग

सावन मास के कृष्ण पक्ष की पंचमी तिथि को नाग पंचमी का पर्व मनाया जाता है और इस बार यह शुभ तिथि 25 जुलाई 2024 को है। इस नाग पंचमी की पूजा बिहार, बंगाल उड़ीसा, राजस्थान आदि इन क्षेत्रों में मनाया जाता है। इस दिन शुक्रादित्य योग, शोभन योग का शुभ संयोग भी रहेगा। वहीं शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि यानी 9 अगस्त को देश के अन्य राज्यों में मनाया जाएगा।

**पंचमी तिथि की शुरुआत - 25 जुलाई, सुबह 4 बजकर 40**
**पंचमी तिथि का समापन - 25 जुलाई, मध्य रात्रि 1 बजकर 59 तक**

### नाग पंचमी पूजा विधि

नाग पंचमी के दिन सुबह स्नान आदि से निवृत होकर शिवालय में पूजा अर्चना करें और फिर व्रत का संकल्प लें।

इसके बाद घर के मेन गेट, घर के मंदिर और रसोई के बाहर के दरवाजे के दोनों तरफ खड़िया से पुताई करें और कोयले से नाग देवताओं के चिन्ह बनाएं।

आजकल नाग देवताओं की फोटो बाजारों में भी मिल जाती है, आप उनका भी प्रयोग कर सकते हैं। इसके बाद पूजा अर्चना करें और दूध अर्पित करें।

घर के नाग देवताओं की पूजा करने के बाद खेतों या फिर ऐसे स्थान पर दूध का कटोरा रख दें, जहां सांपों के आने की संभावना हो।

नाग देवता की पूजा पूजा में सेवई और चावल बनाएंगे। फिर ना देवताओं की दूध और जल से स्नान करवाएं और धूप, दीप नैवेद्य अर्पित करें।

इसके बाद सच्चे मन से नाग देवताओं का ध्यान करें और फिर आरती करें। आरती करने के बाद नाग पंचमी की कथा का पाठ भी करें।

### नाग पंचमी का महत्व

सावन का महीना वर्षा ऋतु का होता है और इस माह में सांप भू गर्भ से निकलकर भू तल पर आ जाते हैं। नाग निकलकर किसी को भी आहत ना कर दें, इसलिए नाग पचंमी का पूजा अर्चना की जाती है। बिहार, बंगाल आदि क्षेत्रों में कृष्ण पक्ष की पंचमी तिथि को नाग पंचमी का पर्व पूरे श्रद्धाभाव से मनाया जाता है। शास्त्रों व पुराणों में बताया गया है कि पंचमी तिथि के स्वामी स्वयं नागदेव हैं और इन दिनों सांपों की पूजा करने से मनोवांछित फल की प्राप्ति होगी और घर में सुख-शांति और समृद्धि बनी रहती है। इस दिन नाग देवताओं की पूजा करने से कुंडली में मौजूद राहु व केतु से संबंधित दोषों से मुक्ति मिलती है और कालसर्प दोष की पूजा भी करवाई जाती है। पंचमी के दिन इनकी पूजा करने से सभी तरह की रुकावट दूर रहती हैं और मनुष्य को सांपों के भय से मुक्ति भी मिलती है। पुराणों में बताया गया है कि नाग देवता पाताल के स्वामी हैं इसलिए नाग पंचमी या किसी भी अन्य पंचमी के दिन व्यक्ति को भूमि की खुदाई करने से बचना चाहिए।

# 'मैं आजाद हूं', चंद्रशेखर तिवारी यूं बने थे 'आजाद'

**भारत को आजाद कराने के लिए कई स्वतंत्रता सेनानियों ने अपनी जिंदगी कुर्बान कर दी थी। उन्हीं महान स्वतंत्रता सेनानियों में एक नाम 'चंद्रशेखर आजाद' का है। हालांकि, इनका असली नाम चंद्रशेखर तिवारी था, लेकिन आजाद इनकी पहचान कैसे बनी इसके पीछे भी एक कहानी है। आजाद कहते थे 'दुश्मन की गोलियों का हम सामना करेंगे, हम आजाद हैं और आजाद ही रहेंगे।'**



23 जुलाई
**शहीद चंद्रशेखर आजाद जयंती**

23 जुलाई को देश के महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद का जन्मदिन है। यह एक ऐसे युवा क्रांतिकारी थे, जिन्होंने अपने देश की आजादी के लिए हंसते-हंसते अपनी जान दे दी। उन्होंने ठान लिया था कि वे कभी भी अंग्रेजों के हाथ नहीं आएंगे और अंग्रेजों की गुलामी की हुकूमत से खुद को आखिरी सांस तक आजाद रखा। उन्होंने बेहद कम उम्र में ही अपनी जिंदगी को देश के नाम कर दिया था। आज उनके जन्मदिन के मौके पर हम आपको उनकी जिंदगी से जुड़ी कुछ बेहद रोचक बातों के बारे में बताएंगे।

### चंद्रशेखर आजाद की जीवनी

चंद्रशेखर आजाद का जन्म 23 जुलाई, 1906 को मध्यप्रदेश के भाबरा गांव में हुआ था। मूल रूप से उनका परिवार उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले के बदरका गांव से था, लेकिन पिता सीताराम तिवारी की नौकरी चली जाने के कारण उन्हें अपने पैतृक गांव को छोड़कर मध्यप्रदेश के भाबरा जाना पड़ा था। चंद्रशेखर आजाद का नाम चंद्रशेखर तिवारी था। वह बचपन से ही काफी जिद्दी और विद्रोही स्वभाव के थे।

चंद्रशेखर का पूरा बचपन आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र झाबरा में ही बीता था। यहां पर उन्होंने बचपन से ही निशानेबाजी और धनुर्विद्या सिखी। लगातार मौका मिलते ही वो इसकी अभ्यास करने लगे, जिसके बाद यह धीरे-धीरे उनका शौक बन गया।

### कम उम्र में ही देश के लिए नाम कर दी जिंदगी

पढ़ाई से ज्यादा चंद्रशेखर का मन खेल-कूद और अन्य गतिविधियों में लगता था। जलियांवाला बाग कांड के दौरान आजाद बनारस में पढ़ाई कर रहे थे। इस घटना ने बचपन में ही चंद्रशेखर को अंदर से झकझोर दिया था। उसी दौरान उन्होंने ठान ली थी कि वह ईंट का जवाब पत्थर से देंगे। इसके बाद उन्होंने यह तय कर लिया कि वह भी आजादी के आंदोलन में उतरेंगे और फिर महात्मा गांधी के आंदोलन से जुड़ गए।

### चंद्रशेखर तिवारी को मिला आजाद का नाम

1921 में महात्मा गांधी के असहयोग आंदोलन से जुड़ने के बाद उनकी गिरफ्तारी हुई। उस दौरान जब उन्हें जज के सामने पेश किया गया, तो उनके जवाब ने सबके होश उड़ा दिए थे। जब उनसे उनका नाम पूछा गया, तो उन्होंने अपना नाम आजाद और अपने पिता का नाम स्वतंत्रता बताया। इस बात से जज काफी नाराज हो गया और चंद्रशेखर को 15 कोड़े मारने की सजा सुनाई।

### सुनाई गई 15 बेंत की सजा

आदेश के बाद, बालक चंद्रशेखर को 15 बेंत लगाई गई, लेकिन उन्होंने उफ्फ तक नहीं की थी और हर बेंत के साथ उन्होंने 'भारत माता की जय' का नारा लगाया। आखिर में सजा भुगतने के एवज में उन्हें तीन आने दिए गए, जो वह जेलर के मुंह पर फेंक आए थे। इस घटना के बाद से ही चंद्रशेखर तिवारी को दुनिया चंद्रशेखर आजाद के नाम से जानने लगी। आज भी कोई यह नाम लेता है, तो मूंछ पर ताव देने वाले एक पुरुष की छवि आंखों के सामने आ जाती है।

### बनारस था क्रांतिकारी गतिविधियों का केंद्र

दरअसल, बनारस उन दिनों भारत में क्रांतिकारी गतिविधियों का केंद्र था। बनारस में वह देश के महान क्रांतिकारी मन्मथनाथ गुप्त और प्रणवेश चटर्जी के संपर्क में आए और क्रांतिकारी दल 'हिन्दुस्तान प्रजातंत्र संघ' के सदस्य बन गए। हालांकि, शुरुआत में यह दल गरीब लोगों को लूटते और अपनी जरूरतों को पूरा करते थे, लेकिन धीरे-धीरे उन्हें समझ आने लगा कि अपने लोगों को दुख पहुंचाकर वे कभी भी उनका समर्थन हासिल नहीं कर पाएंगे। इसके बाद इस दल का उद्देश्य केवल सरकारी प्रतिष्ठानों को नुकसान पहुंचा कर अपनी क्रांति के लक्ष्यों को प्राप्त करना बन गया।

**(शेष पेज 6 पर)**

साप्ताहिक समय माया

## HOME REMEDY



### आंखों को राहत

एक नैपकिन में आइस क्यूब लपेट लें और अपनी आंखों पर रखें। थकी हुई आंखों के चारों ओर आइस क्यूब रगड़ें आंखों की सूजन दूर होगी। ठंडे खीरे की स्लाइस काटें और उन्हें अपनी एक एक आंख पर कुछ देर के लिए रखें। इससे आंखों को आराम मिलेगा और झुर्रियां नहीं पड़ेंगी।

### सिरदर्द हो तो..

सिर दर्द होने पर गुनगुने पानी में अदरक व नींबू का रस व थोड़ा सा नमक मिलाकर पीने से आराम मिलता है।

### जलन होने पर

शरीर में किसी भी भाग या हाथ-पैर में जलन होने पर तरबूज के छिलके के सफेद भाग में कपूर और चंदन मिलाकर लेप करने से जलन शांत होती है।

### जोड़ों में दर्द

जोड़ों पर नीम के तेल की हल्की मालिश करने पर आराम मिलता है।

### घमौरियों में आराम

घमौरियों में सरसों के तेल में बराबर का पानी मिलाकर फेंट लें व घमौरियों पर लगाएं, शीघ्र आराम मिलेगा।

### उल्टी आए तो

किन्हीं कारणों से उल्टी होने लगे और रुकने का नाम नहीं ले, तो तुलसी के रस में बराबर की मात्रा में शहद मिला कर चाटने से उल्टी बन्द हो जाती है।

# 'अंग्रेजों को दांतों तले चबवाए थे चने'

पेज 5 का शेष

### इतिहास के अमर पन्नों में सुनहरे हर्फों में दर्ज है काकोरी कांड

दल ने पूरे देश को अपना उद्देश्य बताने के लिए अपना मशहूर पैम्फलेट 'द रिवोल्यूशनरी' प्रकाशित किया। इसके बाद उस घटना को अंजाम दिया गया, जो भारतीय क्रांति के इतिहास के अमर पन्नों में सुनहरे हर्फों में दर्ज काकोरी कांड है। काकोरी कांड से शायद ही कोई अनजान होगा। दरअसल, इस दौरान दल के दस सदस्यों ने काकोरी ट्रेन लूट को अंजाम दिया था और अंग्रेजों को खुली चुनौती दे दी। इस कांड के लिए देश के महान क्रांतिकारियों रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल?ला खां, राजेन्द्रनाथ लाहिड़ी और ठाकुर रोशन सिंह को फांसी की सजा सुनाई गई थी।

### भगत सिंह के साथ मिलकर बनाया नया दल

इस घटना के बाद दल के ज्यादातर सदस्य गिरफ्तार कर लिए गए और दल बिखर गया। इसके बाद आजाद के सामने एक बार फिर दल खड़ा करने का संकट आ गया। हालांकि, अंग्रेज सरकार आजाद को पकड़ने की कोशिश में लगी हुई थी, लेकिन वह छिपते-छिपाते दिल्ली पहुंच गए। दिल्ली के फिरोजशाह कोटला मैदान में सभी बचे हुए क्रांतिकारियों की गुप्त सभा आयोजित की गई। इस सभा में आजाद के साथ ही महान क्रांतिकारी भगत सिंह भी शामिल हुए थे। इस सभा में तय किया कि दल में नए सदस्य जोड़े जाएंगे और इसे एक नया नाम दिया जाएगा। इस दल का नया नाम 'हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन' रखा गया। आजाद को इस दल का कमांडर-इन-चीफ बनाया गया।

### सांडर्स की हत्या और असेंबली में बम के बाद फिर बिखर गया दल

इस दल ने गठन के बाद कई ऐसी गतिविधियां की, जिससे अंग्रेजी हुकूमत इनके पीछे पड़ गई। 1928 में साइमन कमीशन के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान

लाला लाजपत राय की मौत हो गई. इसके बाद भगत सिंह, सुखदेव ,राजगुरु ने उनकी मौत का बदला लेने का फैसला किया। इन लोगों ने 17 दिसंबर, 1928 को लाहौर के पुलिस अधीक्षक जेपी सांडर्स के दफ्तर को घेर लिया और राजगुरु ने सांडर्स पर गोली चला दी, जिससे उसकी मौत हो गई।

### दिल्ली असेंबली मामले में सुनाई गई फांसी की सजा

इसके बाद आयरिश क्रांति से प्रभावित भगत सिंह ने दिल्ली असेंबली में बम फोड़ने का निश्चय किया, जिसमें आजाद ने उनका साथ दिया। इन घटनाओं के बाद अंग्रेज सरकार ने इन क्रांतिकारियों को पकड़ने में पूरी ताकत लगा दी और आरोप में भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को फांसी की सजा सुनाई गई। इससे आजाद काफी आहत हुए और उन्होंने भगत सिंह को छुड़ाने की कोशिश की, लेकिन वे सफल नहीं हो सके। दल के लगभग सभी लोग गिरफ्तार हो चुके थे, लेकिन फिर भी काफी समय तक चंद्रशेखर आजाद ब्रिटिश सरकार को चकमा देते रहे। आजाद ने ठान ली थी कि वो जीते जी अंग्रेजों के हाथ नहीं लगेंगे।

### चंद्रशेखर आजाद कैसे शहीद हुए?

अंग्रेज सरकार ने राजगुरु, भगतसिंह और सुखदेव की सजा को किसी तरह कम या उम्रकैद में बदलने के लिए वे इलाहाबाद पहुंचे। उस दौरान अंग्रेजी हुकूमत को इसकी भनक लग गई कि आजाद अल्फ्रेड पार्क में छुपे हैं। उस पार्क को हजारों पुलिस वालों ने घेर लिया और उन्हें आत्मसमर्पण के लिए कहा, लेकिन उस दौरान वह अंग्रेजों से अकेले लोहा लेने लगे। इस लड़ाई में 20 मिनट तक अकेले अंग्रेजों का सामना करने के दौरान वह बुरी तरह से घायल हो गए। आजाद ने लड़ते हुए शहीद हो जाना ठीक समझा। इसके बाद आजाद ने अपनी बंदूक से ही अपनी जान ले ली और वाकई में आखिरी सांस तक वह अंग्रेजों के हाथ नहीं लगे। 27 फरवरी, 1931 को वह अंग्रेजों के साथ लड़ाई करते हुए हमेशा के लिए अपना नाम इतिहास में अमर कर गए। चंद्रशेखर आजाद का अंतिम संस्कार भी अंग्रेज सरकार ने बिना किसी सूचना के कर दिया।

# अमेरिकी माइक्रोसॉफ्ट का सर्वर बंद होना अच्छा संकेत

पेज 1 का शेष

जिससे बेरोजगारी की आधी समस्या का अंत तत्काल हो जाएगा। दूसरी तरफ इस इंटरनेट के मकड़ जाल का सबसे बड़ा व बुरा असर हमारी घुटनों से उठकर पैदल चलने वाली पीढ़ी से लेकर पूरी युवा मध्य बुजुर्ग पीढ़ी पर अत्यधिक घातक पड़ रहा है।? जो सबसे ज्यादा एक जैसे मोबाइल को पकड़ कर बैठे रहने के कारण उनका मस्तिष्क आंखें कान कमजोर होने के साथ शरीर भी कमजोर हो रहा है और दूसरी तरफ सबसे महत्वपूर्ण उनकी अपनी स्वयं की सोचने की क्षमता खत्म हो रही है। जो आने वाले विश्व के लिए अत्यधिक घातक होगी दूसरी तरफ इस इंटरनेट की संचार क्रांति की मकर जल के माध्यम से बहुराष्ट्रीय कंपनियां जो जनता के बच्चों की, युवाओं मध्य व बुजुर्ग व्यक्तियों की आदतों का अध्ययन उनके व्यावसायिक दुरुपयोग कर ही रही है इसके साथ ही यथार्थ में षडयंत्रकारी अमेरिका, चीन जैसे देश, चूंकी सरकार की सभी कार्यप्रणाली अब इंटरनेट पर निर्भर हो चुकी है इसलिए उनके दस्तावेजों कार्य कलापों वित्तीय, आर्थिक सामाजिक, सामरिक, औद्योगिक बाजार व्यवस्था आदि की भी सभी प्रकार से निगरानी और जासूसी करने के साथ अपने व्यावसायिक उपयोग के साथ उसका बिजनेस करने में भी उपयोग कर रही है इसलिए परम शक्ति प्रकृति से विनम्र प्रार्थना हैकि यह इंटरनेट का माकड़ जान स्वीकृति शीघ्र दुनिया से खत्म हो ताकि दुनिया की जनता सामान्य तरह से जीवन यापन कर सके हाल ही में हुए माइक्रोसॉफ्ट के विंडो क्रॉस से दुनिया में क्या प्रभाव पड़ा और समाचार पत्र में उसकी क्या प्रतिक्रिया रही इसका संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है।

# नाकों की व्यवस्था हटा जांच चौकी से वसूली का खेल यथावत

पेज 8 का शेष

प्रदेश की सीमाओं पर चेक पोस्ट बंद, अब जांच चौकियों से हो रही अवैध वसूली

जिसमें वाहनों के पंजीयन अंतरण नवीनीकरण फिटनेस आदि में भी भारी करोड़ों रुपए प्रतिदिन की भ्रष्टाचार की कमाई की जाती है इसमें भी आप समझ सकते हैं जिन 24 सीटर 35 सीटर बसों को चलाने की अनुमति निजी क्षेत्र में सिटी बस के रूप में चलने के लिए इंदौर-भोपाल-ग्वालियर-जबलपुर-रीवा-उज्जैन आदि में परेशानी आती थी वही आप 52 सीटर बसें जिन्हें सिटी बस में 35 सीटर में दिखाया जाता है उनका पंजीयन करके धरने से दुदाई जा रही है और उनका पंजीयन शुल्क भी 35 सीटर के रूप में दिखा बताकर जो नगर निगम पालिकाएं सिटी बस व अन्य 35 सीटर के रूप में चला रहे हैं उसमें भी अरबो रुपए का शासन को स्वयं शासन के विभाग ही हानि पहुंचा रहे हैं।

फिर यात्री बसों के मामले में पूरे मध्य प्रदेश में जानबूझकर राज्य परिवहन निगम को बंद कर निजी क्षेत्र में पुरुषों का संचालन किया जा रहा है उसके परमिट में भी करोड़ों रुपए का भ्रष्टाचार किया जाता है। जिसके हिस्सेदारी में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी कलेक्टर कमिश्नर निगम आयुक्त महापौर आदि की समिति यात्री बसों व वाहनों के परमिट मोटी वसूली करके ही जारी करती है।

चालकों की नई, नवीनीकरण साधारण, व्यावसायिक, भारी वाहन आदि के चालन की अनुज्ञप्ति मैं जो केंद्र सरकार ने ढाई सौ रुपए का शुल्क लगाया था। उसे मध्य प्रदेश सरकार 10 गुना ज्यादा ढाई से 5000 तक वसूलते हैं।

वैसे तो परिवहन विभाग में चपरासी और बाबूओं से लेकर कांस्टेबल सहायक उप व निरीक्षक तक सब करोड़पति होते हैं और परिवहन विभाग की मलाई वाले पदों पर आने के लिए मोटा धान चुका कर ही आते हैं। तो समझा जा सकता है कि इंदौर में बैठा क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी जो इंदौर में प्रदीप शर्मा, भोपाल में संजय तिवारी के सेवानिवृत होने के बाद पद खाली है ग्वालियर में एच के सिंह, नवोदय फॉर्म में निशा चौहान जबलपुर में जितेंद्र सिंह रघुवंशी रीवा में मनीष कुमार त्रिपाठी सागर में सुनील कुमार शुक्ला शहडोल में आशुतोष सिंह भदोरिया उज्जैन में संतोष कुमार मालवीय जो क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी के रूप में बैठकर भारी मोटी वसूली कर रहे हैं।

बेशक भोपाल-इंदौर-ग्वालियर-जबलपुर इन चारों बड़े शहरों में प्रतिदिन लगभग उनके कार्यालय में कर्मचारी और अधिकारी मिलकर पांच से 10 करोड रुपए प्रतिदिन की वसूली करते हैं। जिला स्तर पर यह लगभग 50 लाख से 2 करोड रुपए प्रति दिन तक की होती है।

हाल ही में प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री ने जो चेक पोस्ट हटाने के लिए कहा था उन्होंने वह चेक पोस्ट तो हटा दी परंतु उसका नाम बदलकर अब जांच चौकी कर दिया और उन्होंने फिर से ल वसूली की डकैती का कारोबार शुरू कर दिया है। इससे परिवहन व्यवसाय से जुड़े व्यवसाईयों में बहुत आक्रोश है।

**अग्निबाण द्वारा छापी निम्न अनुसार खबर**

# शहरों में बढ़ता कुत्तों का आतंक






**पेज 8 का शेष**

रेबीज़ उस जीवाणु से संक्रमित जानवरों (आमतौर पर चमगादड़, रैकून, लोमड़ी और स्कंक) से फैल सकता है। टीकाकरण के कारण संयुक्त राज्य अमेरिका में पालतू जानवरों में रेबीज़ दुर्लभ है, लेकिन उन देशों में जहाँ जानवरों को टीका लगाए जाने की संभावना कम है, पालतू जानवरों के काटने से रेबीज़ फैल सकता है।

### इलाजः घाव की सफाई

नियमित प्राथमिक उपचार प्राप्त करने के बाद, जिन लोगों को किसी जानवर ने काटा है, उन्हें तुरंत डॉक्टर को दिखाना चाहिए। यदि संभव हो, तो अपराधी जानवर को उसके मालिक द्वारा बाड़े में बंद कर देना चाहिए। यदि जानवर खुला है, तो काटे गए व्यक्ति को उसे पकड़ने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। पुलिस को सूचित किया जाना चाहिए ताकि उचित अधिकारी जानवर में रेबीज के लक्षणों की जांच कर सकें।

डॉक्टर जानवर के काटने पर घाव को साफ करने के लिए उसमें नमक का पानी (सलाइन) डालते हैं और फिर साबुन और पानी से उसे साफ करते हैं। कभी-कभी काटने के घाव के किनारे से ऊतक को काट दिया जाता है, खासकर अगर ऊतक कुचला हुआ या खुरदुरा हो।

### होम्योपैथिक उपचारः

**एकोनाइट** - किसी जानवर के हमले और काटने के बाद बहुत डर लग सकता है। सदमे से राहत पाने के लिए सबसे पहले एकोनाइट दिया जाना चाहिए।

**अर्निका** - सभी घावों और चोटों की तरह, अर्निका रक्तस्राव, सूजन, चोट और सभी घावों के सामान्य उपचार में मदद कर सकता है। यह प्रमुख उपाय है और सबसे अधिक उपलब्ध है। यदि घाव के बारे में कुछ और विशिष्ट नहीं है, तो अर्निका लगभग हमेशा मदद करता है।

**आर्सेनिकम एल्बम** - जब घाव में जलन हो रही हो और सूजन या संक्रमण हो रहा हो। अगर आर्सेनिकम जलन वाले संक्रमण में काम नहीं करता है तो एंथ्राक्सिनम या पाइरोजेनियम का इस्तेमाल करें। आर्सेनिकम काटने के बाद होने वाले सिरदर्द में भी मदद कर सकता है।

**बेलाडोना** - काटने के बाद तेज़ बुखार। घाव गर्म और लाल हो जाता है और सूजन आ जाती है। कुत्ते के काटने और रेबीज़ के इलाज के लिए अच्छा है।

**कैलेंडुला** - घाव और फटे हुए ऊतकों के बाद। यह मदर टिंचर या पोटेंसी में बाँझ पानी में खुले घावों को सींचने या घावों के आस-पास की त्वचा पर लगाने के लिए भी अच्छा है ताकि उपचार को बढ़ावा मिले। यह बहुत एंटीसेप्टिक है।

**हेपर सल्फ** – घाव के संक्रमित हो जाने के बाद, जिसमें बहुत अधिक मवाद और दुर्गंध आने लगती है। बंद छिद्रित घाव में मवाद को बढ़ाने के लिए विशेष रूप से अच्छा है।

**हाइपरिकम** - सभी छेदे हुए घावों और बहुत दर्दनाक घावों के लिए विशेष रूप से अच्छा है। उंगलियों, पैर की उंगलियों, नाक, कानों को काटता है। तंत्रिका मार्गों के साथ बहुत दर्द के साथ काटता है।

**लैकेसिस** - काटने पर नीलापन और दर्द। काटने के बाद बेहोशी।

**लेडम** - यह विशेष रूप से पंचर घाव पर काटता है। काटने का स्थान ठंडा, नीला हो जाता है। रेबीज को विकसित होने से रोकने में सहायक है। चूहों के काटने के लिए भी अच्छा है।

**लाइसिन** - रेबीज नोसोड। सभी प्रकार के काटने के लिए एक बहुत अच्छा उपाय, खास तौर पर कुत्तों और बिल्लियों में। सबसे पहले सोचने वाली दवाइयों में से एक। बिल्ली के खरोंच से होने वाले बुखार में अक्सर लाइसिन से अच्छी प्रतिक्रिया मिलती है।

**स्ट्रैमोनियम** - उन्नत रेबीज़ संक्रमण में अग्रणी उपाय। स्ट्रैमोनियम और बेलाडोना के बारे में सोचें।

## हैदराबाद में आवारा कुत्तों के झुंड ने 18 महीने के बच्चे को बुरी तरह नोंचा, दर्दनाक मौत

हैदराबाद के पास जवाहर नगर से आवारा कुत्तों के एक झुंड की तरफ से 18 महीने के एक बच्चे पर हमला करने का मामला सामने आया है। कुत्तों के झुंड ने इस मासूम को बुरी तरह नोंच डाला, जिससे इसकी मौत हो गई। हैदराबाद पुलिस की तरफ से ये जानकारी सामने आई है। उन्होंने बताया कि घटना मंगलवार रात को हुई जब बच्चा परिवारजन के साथ अपने घर से बाहर निकला और एक कुत्ता उसे कुछ दूर तक घसीट कर ले गया और बाद में कुछ आवारा कुत्तों ने उसे काट लिया जिससे वह घायल हो गया। बच्चे को शुरू में एक निजी अस्पताल ले जाया गया और वहां से एक सरकारी अस्पताल में रेफर कर दिया गया, जहां उसकी मौत हो गई।



मध्यप्रदेश में अफसर बचाएंगे कुत्तों से

7 आईएएस सहित 15 अफसरों को जिम्मेदारी सौंपी

## कुत्ता काटने का घरेलू इलाज

### 7 नुस्खों को अपनाने से बच जाएगी जान

दुनिया भर में वैसे तो ढेरों पालतू जानवर होते हैं लेकिन डॉग को पालना सबसे ज्यादा लोग पसंद करते हैं। कुत्ता सबसे वफादार जानवर होता है और अपने इसी गुण की वजह से लोग उसे घरों में एक फैमिली मेंबर की तरह रखते हैं। इतना ही नहीं, डॉग हमारी भारतीय सेना का भी अहम हिस्सा होते हैं जिनका बॉर्डर पर दुश्मन को पकड़ने और पहचानने में अहम योगदान होता है, चूंकि वे बहुत ट्रेंड होते हैं। लेकिन वहीं अगर कोई डॉग परिवार या गली मोहल्ले में रहने वाला होता है, तो छेड़ने पर वे आप हमला भी कर सकते हैं। बता दें कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप इन पालतू जानवरों से कितना प्यार करते हैं लेकिन कुछ कुत्तों में इंसानों को काटने की प्रवृत्ति होती है। कुत्ते के काटने पर डॉक्टर के पास जाते हैं तो एंटी-टिटनेस और एंटी-रेबीज के इंजेक्शन लगवाने की सलाह देते हैं। लेकिन यदि ग्रामीण इलाके या किसी इंटीरियर एरिया में किसी को कुत्ते ने काट लिया तो चिकित्सक का मिलना मुश्किल रहता है, ऐसे में आप कुछ घरेलू नुस्खों के जरिए अपना इलाज करा सकते हैं। इस आर्टिकल में हम आपको कुत्ते के काटने से बने घाव को मिटाने का देसी और प्राकृतिक उपचार बता रहे हैं जो डॉग बाइट के खिलाफ रामबाण इलाज हैं।

### इलाज से पहले इन बातों पर दें ध्यान

जयपुर के पेट डॉक्टर योगेंद्र पाल के अनुसार, किसी भी चोट को साफ रखना आपकी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। कुत्ते के काटने के तुरंत बाद उसे साबुन और पानी से धोना चाहिए। यह इसे हाइजीनिक रूप से सुरक्षित रखेगा और संक्रमण के जोखिम को कम करेगा। सबसे पहले जिस जगह पर कुत्ते ने काटा है उसे पानी और साबुन से कम से कम 4-5 बार अच्छे से धोएं। डॉक्टर का कहना है कि जब तक पूरी स्किन साफ नहीं होती तब तक उसे साफ करें, न कि काटने के तुरंत बाद कुछ भी अप्लाई करें। खून बहने से रोकने के लिए काटने के ऊपर एक साफ तौलिये रख दें। संक्रमण को रोकने के लिए एंटीबायोटिक मलहम लगाएं। समय पर एंटी-रेबीज या एंटी-टेटनस का इंजेक्शन लगवाएं और कुत्ते और घटना के बारे में हर विवरण डॉक्टर को बताएं।

### नीम और हल्दी का पेस्ट

डॉक्टर के अनुसार, नीम और हल्दी का पेस्ट कुत्ते के काटने के घरेलू उपचार में से एक माना जाता है। यह एक प्राकृतिक पेस्ट है जिसे आप चोट के ठीक बाद लगा सकते हैं। बस नीम के पत्तों और हल्दी को मिलाकर एक चिकना पेस्ट बना लें। इसे प्रभावित त्वचा पर लगाएं। नीम एक हीलिंग एजेंट है जिसका इस्तेमाल कई दवाओं में भी किया जाता है। दोनों जड़ी-बूटियों में घाव को कम करने वाले गुण होते हैं।

### जीरा

जीरे में बैक्टीरिया को खत्म करने और इम्यूनिटी बढ़ाने की क्षमता होती है। कुछ जीरा लें और उसमें पानी मिलाएं। इसका पेस्ट बनाकर प्रभावित जगह पर लगाएं। कुत्ते के काटने पर भी यह एक उपयोगी उपाय साबित हो सकता है।

### लहसुन

लहसुन में जीवाणुरोधी गुण भी होते हैं जो कुत्ते के काटने को ठीक करने में मदद कर सकते हैं। इसके लिए आपको बस लहसुन को ब्लेंड करना है और उसमें थोड़ा सा नारियल का तेल मिलाएं। फिर इसे कुत्ते के काटने के घाव पर लगाएं, आपको इससे चुभन हो सकती है लेकिन ये नुस्खा असरदार है। इससे आपका घाव जल्दी ठीक होगा और टॉक्सिसिटी का असर भी कम होगा।

### सरसों का तेल

कुत्ते के काटने की चोट को ठीक करने के लिए यह बहुत ही फायदेमंद इलाज है। जिस जगह आपको कुत्ते ने काटा है वहां सरसों का तेल लगाने से आप प्रभावी परिणाम प्राप्त कर सकते हैं। इसके एंटीमाइक्रोबियल और एंटीऑक्सीडेंट गुण काटने को ठीक करने में मदद करेंगे।

### नींबू का रस

नींबू विटामिन सी का एक अच्छा स्रोत है जो कुत्ते के काटने के इलाज में भी सहायक हो सकता है। जल्दी ठीक होने और संक्रमण से बचने के लिए आप घाव पर नींबू का रस लगा सकते हैं। यह थोड़ी देर के लिए चुभ सकता है लेकिन बहुत जल्द ठीक हो जाएगा।

### केला के पत्ते

केला के पत्तों में एंटीबायोटिक और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण मौजूद होते हैं। केले के पत्ते लगाने के लिए आपको उन्हें कुचलकर या पीसकर पानी में मिलाना है। इसका गाढ़ा पेस्ट बनाकर कुत्ते के काटने पर लगी चोट पर लगाएं। इसे सूखने दें और इसे बार-बार लगाते रहें। यह लगातार दर्द और खुजली से भी राहत दे सकता है।

साप्ताहिक समय माया

# शहरों में बढ़ता कुत्तों का आतंक

## पालिकाओं व निगमों की कुत्तों के सफाये नियंत्रण की नाकामियां फिर भी कागजों पर अरबो खर्च फिर भी जनता परेशान, लहुलुहान

## काटने व आक्रमण की घटनायें रोजाना

देश के सभी शहरों से लेकर गांव तक की मानव आबादी में कुत्तों का आतंककाटने की घटनाएं बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक झुंड में आक्रमण से मौत की घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है। जिसके बारे में हर दिन देश के बड़े से लेकर छोटे समाचार पत्रों तक में सतत समाचार प्रवाहमान रहते हैं। पिछले इंदौर में ही 20 वर्षों से कुत्तों को पकड़ बाहर जंगलों में छोड़ने भेजने के साथ अरबो रुपए की पिछले 20 वर्षों में कुत्तों की नसबंदी पर कागजों पर खर्च कर दिए गए पर कुत्तों के आक्रमण लगातार बढ़ते चले जा रहे हैं और बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सुबह शाम रात्रि में एकांत में मिलने पर कुत्तों के झूठ आक्रमण करके घायल करने से लेकर मृत्यु तक कर देते हैं। निगम पालिकाओं के कर्मचारी ज्यादा हल्ला मचाने या किसी प्रभावशाली आदमी को काट लेने पर कुत्तों को मजबूरी में बे मन से पकड़ते भी है तो यहां से पकड़ कर दूर दूसरे मोहल्ले में छोड़ जाते हैं। जहां तक नसबंदी का सवाल था तो उसका सारा पैसा ठेका लेने वाली फर्म को देने वाले से लेकर महापौर आयुक्त उपायुक्त में ही बंदर बांट में हजम कर लिया गया। पर जनता की समस्या बनी रही और रोज शहर में 300 से 500 कुत्ते काटने की घटनाएं होती हैं जो कुछ इंदौर के लाल अस्पताल में वह अन्य सरकारी के साथ निजी अस्पतालों में भी आर्थिक समर्थ के अनुसार टीके लगवाने का कार्य कर लेते हैं परंतु इससे कलेक्टर मुख्य चिकित्सा अधिकारी के साथ निगम के महापौर आयुक्त स्वास्थ्य अधिकारी आदि को कोई खास फर्क नहीं पड़ता यही हाल प्रदेश

## सुरक्षित आयुर्वेदिक व होम्योपैथिक चिकित्सा व औषधियां

और देश के हर जिले का है।

मुझे भी 14 जुलाई की रात्रि 11:00 बजे प्रेस कांप्लेक्स में भास्कर के पास कूतरे लपके तो एक तरफ कुत्तों को भगाने में दूसरी तरफ पैर को कुत्ते ने लपक कर सैंडल में से दांत गड़ा दिया था। तत्काल हल्दी चूना लगाने के बाद होम्योपैथिक अर्निका 200 ली। रक्त के साथ घाव और दर्द सभी खत्म हो गया फिर भी एक टिटनेस और दो इंजेक्शन लगवाए। पर अंतरराष्ट्रीय व बहुराष्ट्रीय कंपनियों के रेबीज व अन्य सभी प्रकार के टीकों के और अंत में कोरोना के टीके का मौत का षड्यंत्रकारी खेल देखकर एलोपैथिक औषधियां से विश्वास उठ गया। इसलिए वर्तमान से 100 वर्ष पूर्व जब एलोपैथिकचिकित्सा ज्यादा फैली नहीं थी तब भी तो भारत में और विदेशों में सभी प्रकार के कीड़े जानवर आदि के काटने पर चिकित्सालय की जाती थी इसलिए उसका अध्ययन किया। आयुर्वेदिक होम्योपैथिक दवाइयों के बारे में अध्ययन किया जो जनता के सुलभ संदर्भ के लिए प्रस्तुत है।

### कुत्तों के काटने और होम्योपैथी से उसका इलाज

घरेलू पालतू जानवरों के रूप में उनकी लोकप्रियता के कारण, कुत्ते अपने मालिकों और क्षेत्र की रक्षा के परिणामस्वरूप अधिकांश काटने के लिए जिम्मेदार होते हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका में लगभग 10 से 20 लोग, जिनमें से अधिकांश बच्चे हैं, हर साल कुत्तों के काटने से मर जाते हैं। कुत्ते के काटने पर आमतौर पर घाव और घाव दिखाई देते हैं। बिल्ली के काटने पर गहरे छेद हो जाते हैं जो अक्सर संक्रमित हो जाते हैं। संक्रमित काटने से दर्द होता है, सूजन होती है और लालिमा होती है।

( शेष पेज 7 पर )

## प्रदेश के नाकों पर जांच चौकी की वाहनों से डकैती शुरू

# नाकों की व्यवस्था हटा जांच चौकी से वसूली का खेल यथावत

### प्रतिदिन लगभग 40 नाकों से 200 करोड़ की वसूली का खेल कैसे खत्म कर कमाई बंद करें

मध्य प्रदेश के अंतर राज्यीय नाकों पर परिवहन विभाग के पिछले 20 साल से ज्यादा समय से चल रहे चेक पोस्ट पर लगभग प्रतिदिन रू. 200 करोड़ की मालवाहकों से लेकर यात्री वाहनों से वसूली होती थी। जिससे घोर भ्रष्ट मुख्यमंत्री मोहन यादव परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह मुख्य सचिव या अतिरिक्त मुख्य सचिव घोर जालसाज भ्रष्ट डकैत एस एन मिश्रा, सचिव सीबी चक्रवर्ती, आयुक्त डीपी गुप्ता अतिरिक्त आयुक्त उमेश जोगा, संयुक्त आयुक्त नरोत्तम भार्गव प्रशासन प्रभारी संयुक्त आयुक्त प्रमोद सक्सेना परिवहन के साथ जिनका मुख्यालय ग्वालियर है परंतु बैठने नहीं है वहां पर, अधिकांश के कार्य भोपाल से ही चला करते हैं। उपायुक्त भोपाल संभाग खाली पड़ा है। इंदौर संभाग में उपायुक्त राजेश राठौर, उज्जैन संभाग राजेश बाथम जबलपुर संभाग में प्रभारी उपायुक्त शेर सिंह मीणा बाकी सारे उपायुक्त के 10 संभागों के पद खाली पड़े हुए हैं जिसमें नर्मदापुरम, शहडोल, रीवा, ग्वालियर चंबल सागर संभाग उपायुक्त विहीन हैं। जितने कम से कम अधिकारी कर्मचारी होंगे प्रदेश में परिवहन विभाग में 200 करोड़ की जो लूट नाखून पर हो रही थी उसी प्रकार से लगभग सभी क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय में प्रतिदिन 2 से 10 करोड रुपए प्रतिदिन की लूट की जाती है।

( शेष पेज 6 पर )

साप्ताहिक
समय माया
samaymaya.com

करोड़ों किसानों मजदूरों छोटे व्यवसायियों उद्योगों, सरकारी कर्मचारियों अधिकारियों ठेका संविदा कर्मियों के हितों की रक्षा व देशी विदेशी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के षड्यंत्रों के विरुद्ध पिछले 25 वर्षों से संघर्षरत

साप्ताहिक समयमाया समाचार पत्र व samaymaya.com की वेबसाइट पर समाचार, शिकायतें और विज्ञापन ( प्रिंट एवं वीडियो ) के लिए संपर्क करें

मप्र के समस्त जिलों में एजेंसी देना है एवं संवाददाता नियुक्त करना है

मो. 9425125569 / 9479535569

ईमेल: samaymaya@gmail.com
samaymaya@rediff.com

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक- अजमेरा एस.पी. कुमार द्वारा अपनी दुनिया प्रिंटर्स, 13 प्रेस कॉम्पलेक्स, ए.बी. रोड, इंदौर से मुद्रित एवं 299, अम्बेडकर नगर, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
संपादकः अजमेरा एस.पी. कुमार, मो. 9425125569, भोपाल प्रतिनिधि- एस.के. भारद्वाज मो. 9425637958